हरिभूमि
कोरिया भूमि
बिलासपुर, रविवार 21 सितंबर 2025
बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर



## खबर संक्षेप



### सैनिक स्कूल के कैडेटों ने ग्राम मेण्ड्राकला में चलाया स्वच्छता अभियान

**अम्बिकापुर।** स्वच्छता ही सेवा अंतर्गत गुरूवार को ग्राम मेण्ड्राकला के नवनिर्मित कृष्ण मंदिर परिसर में सैनिक स्कूल के 110 कैडेटों ने सफाई अभियान चलाया। कैडेटों ने मंदिर परिसर की सफाई की। गांव के बच्चों ने भी साफ-सफाई में भागीदारी की। कार्यक्रम प्रभारी सौरभ कुमार जैन ने ग्रामीणों और बच्चों को स्वच्छ एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा दी तथा उन्हें स्वच्छता से सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी लाभों से अवगत कराया।अभियान अंतर्गत शिक्षक रवीन्द्र तिवारी, टीएम राव और सौरभ जैन ने कैडेटों का मार्गदर्शन करने के साथ ही स्वयं भी सफाई की। ग्रामीणों ने सैनिक स्कूल के प्रयास की सराहना की।

### सिलफिली कालेज में रक्तदान पर व्याख्यान सह जागरूकता कार्यक्रम



**बिश्रामपुर।** शासकीय महाविद्यालय सिलफिली में रक्तदान पर व्याख्यान सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया,कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य अमित सिंह बनाफर ने की,जबकि संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी एवं रेड रिबन नोडल अधिकारी श्रीमती शालिनी शांता कुजूर ने किया,कार्यक्रम में प्राचार्य बनाफर ने रक्तदान को महादान की संज्ञा देते हुए कहा कि रक्तदान से न केवल समाज को जीवन मिलता है बल्कि यह दानकर्ता के स्वास्थ्य के लिए भी बेहद फायदेमंद है,उन्होंने छात्रों से आह्वान किया कि वे जीवन में कम से कम साल में दो बार रक्तदान जरूर करें। उन्होंने कहा कि रक्त के अलग-अलग घटक जरूरतमंद मरीजों को दिए जाते हैं,यह दान कभी भी व्यर्थ नहीं जाता,बल्कि किसी न किसी की जिंदगी बचाने का साधन बनता है,एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती शालिनी शांता कुजूर ने भी विस्तार से रक्तदान की प्रक्रिया और इसके लाभों पर प्रकाश डाला,कार्यक्रम में एनएसएस स्वयंसेवकों के अलावा सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रेमलता एक्का,अंजना,डॉ. अजय कुमार तिवारी,भरत लाल कंवर, आशीष कौशिक,डॉ.गीता सोनी,जफर,कार्यालयीन स्टाफ वीरेंद्र सिंह,ताराचंद्र साहू,अशोक कुमार राजवाड़े,दिनेश लकड़ा,हेमंत नाविक,जयकुमार व अन्य उपस्थित थे,यहां पर उपस्थित जन व छात्र-छात्राओं ने संकल्प लिया कि वे भी रक्तदान कर जरूरतमंद लोगों की मदद करेंगे।

### विश्वकर्मा जयंती पर जिले के 2179 श्रमिकों को किया गया लाभान्वित



**सूरजपुर।** रजत जयंती एवं विश्वकर्मा जयंती के अवसर पर श्रमिक महासम्मेलन मुख्यमंत्री के मुख्य आतिथ्य में सरदार बलवीर सिंह जुनेजा स्टेडियम, बुढ़ापारा रायपुर में विगत दिवस में आयोजित हुआ। जिसमें श्रम विभाग सूरजपुर द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कुल 2,179 श्रमिकों को 1 करोड़ 46 लाख 84 हजार 126 रूपये से लाभावित किया गया। छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वें स्थापना वर्ष पूर्ण होने पर राज्य शासन द्वारा श्रमिक महासम्मेलन रायपुर में आयोजित किया गया था। आयोजित कार्यक्रम में जिला सूरजपुर से 10 श्रमिकों को ले जाया गया। जिसमें नोनी बाबू मेधावी योजनान्तर्गत सेवक राम के पुत्री सोहन्ती तथा राम प्रताप के पुत्री ललिता को सीपेट में प्लास्टिक इंजीनियरिंग में पढ़ाई हेतु, सियान योजना से दो हितग्राही श्यामलाल यादव व सुन्दर सिंह तथा निर्माण श्रमिक मृत्यु सहायता योजनान्तर्गत एक हितग्राही उत्तराधिकारी जनक दास को सम्मानित किया गया। अन्य हितग्राहियों को डीबीटी के माध्यम से लाभान्वित किया गया है।

### उल्लास साक्षरता कार्यक्रम के तहत दिए गए दिशा निर्देश



**राजपुर।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु गुरुवार को जनपद पंचायत सभाकक्ष में एससीएम राजपुर के अध्यक्षता में समस्त संकुल समन्वयक एवं ग्राम प्रभारियों की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में शासन की मंशा रूप 2027 तक विकासखंड राजपुर को पूर्ण साक्षर करने हेतु असाक्षरो का सर्वे कर पोर्टल में एंट्री करने का निर्देश दिया गया। साथ ही कार्य में रूचि रखने वाले स्वयंसेवी शिक्षकों का चिन्हांकन कर साक्षरता कक्षा संचालन करने तथा छात्र-छात्राओं, शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ-साथ जनप्रतिनिधियों ग्रामीणों आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं एवं जन सहयोग लेते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान एसडीएम देवेंद्र प्रधान, सीईओ संजय दुबे, एबीईओं जेआर नागदेव, पंचायत निरीक्षण फूलमोहन राम, बीपीओं मरयानुस एक्का, गोविंद नारायण सिंह सहित अन्य मौजूद थे

### पकड़े गए आरोपियों ने 11 जगहों से चोरी करने की बात स्वीकारी

# जिले की अलग-अलग पीडीएस दुकानों से शासकीय राशन चोरी करने वाले गिरोह का हुआ पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

सूरजपुर जिले में पीडीएस दुकानों से लगातार हो रही शासकीय चावल,शक्कर और चना जैसे राशन सामानों की चोरी की घटना होने का पुलिस ने पर्दाफाश कर खुलासा कर दिया है, पुलिस की गठित विशेष टीम ने एक संगठित गिरोह का खुलासा करते हुए खरीददार समेत 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

**खास बातें**

- सरगुजा आईजी के निर्देश पर एसएसपी सूरजपुर द्वारा गठित किए गए विशेष पुलिस टीम को मिली बड़ी सफलता
- खरीददार समेत 7 आरोपी गिरफ्तार, 1 लाख रुपए नगद, 2 लाख कीमत का राशन सामान, घटना में प्रयुक्त 3 नग पिकअप वाहन, 2 नग बाइक को पुलिस ने किया जब्त

आरोपियों से चोरी का माल और नगद रकम समेत लाखों का सामान जब्त किया गया है, सूरजपुर एसएसपी प्रशांत सिंह ठाकुर ने बताया कि 8 अगस्त की दरम्यानी रात जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम अजबनगर के पीडीएस दुकान से चोरी हुई, इसके बाद 28 अगस्त को ग्राम पंचायत गंगापुर और 13 सितंबर को ग्राम पंचायत अनुजनगर के पीडीएस दुकानों में चावल की चोरी की वारदात सामने आई। पीड़ित संचालकों की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की,इसी बीच सरगुजा और सूरजपुर दोनों जिलों में चोरी की लगातार घटनाएं होने लगीं,आईजी सरगुजा रेंज दीपक कुमार झा और एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर चौकी लटोरी और थाना जयनगर की संयुक्त टीम गठित की गई,एएसपी संतोष महतो और



मामले का खुलासा करते एसपी व पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

एसडीओपी अभिषेक पैकरा के मार्गदर्शन में मुखबिरों की मदद से जांच आगे बढ़ी,पुलिस ने घटनाओं की जानकारी व्हाट्सऐप ग्रुप के माध्यम से सभी बीट प्रभारियों से साझा कर संदिग्ध अपराधियों के पुराने रिकॉर्ड खंगाले,एसएसपी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कटघोरा में घेराबंदी कर मुख्य आरोपी जटगा निवासी इन्द्रपाल साहू पिता जीवनलाल साहू को गिरफ्तार किया,पकड़े गये मुख्य आरोपी ने पुलिस को पूछताछ में अपने साथियों क्रमशः साहिल अफसर पिता मोहम्मद सकिल अहमद 24 वर्ष निवासी मुडापार एसईसीएल कालोनी सुभाष ब्लाक कोरबा थाना मानिकपुर जिला कोरबा,रफीक खान पिता सफीक खान 31 वर्ष निवासी सिरमिना बाबुपारा ढोढीपारा थाना पसान जिला कोरबा,सोनू सिंह पिता दया राम जाति कंवर 25 वर्ष निवासी ग्राम मोहनपुर आंछीदादर थाना कटघोरा जिला कोरबा,शिवम राजपुत पिता राजू परमार 23 वर्ष निवासी गुरसिया बाजारपारा थाना बांगो जिला कोरबा,कृष्णा ढीमर पिता महेन्द्र ढीमर 25 वर्ष निवासी ग्राम दरैन खरिहाटोला, थाना सीधी जिला शहडोल मध्यप्रदेश के साथ मिलकर पूर्व में तारा कांटारोली, उदयपुर के आसपास मुड़गांव, रिखी, लखनपुर के आसपास केवरी, अंधला, तराजू तथा अम्बिकापुर के आसपास कोलडीहा, दरिमा के खाला तथा एमसीबी जिला के बचरापोडी, मुंगेली थाना क्षेत्र व पेण्ड्रा मरवाही जिला के बस्तीबगरा में राशन दुकान सोसायटी में चावल, चना, शक्कर भी चोरी करना एवं लटोरी व जयनगर के पीडीएस दुकान से चोरी किए गए चावल, शक्कर, चना की चोरी करने की बात स्वीकारी गई है। साथ ही चोरी किए गए शासकीय अनाज को अंकुर अनाज भण्डार कटघोरा के संचालक 55 वर्षीय पवन अग्रवाल पिता किरोणीमल अग्रवाल निवासी कटघोरा मेन मार्केट थाना कटघोरा जिला कोरबा को विक्रय करना बताए हैं,पवन अग्रवाल चोरी का माल खरीदने के बाद कुछ हिस्सा फुटकर बेच देता था,पुलिस ने उससे 1 लाख रुपए नगद भी बरामद कर खरीददार पवन अग्रवाल को भी गिरफ्तार कर लिया है,पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर 100 बोरी चावल,11 बोरी शक्कर,1 बोरी चना को जब्त किया है,जिसकी अनुमानित कीमत 2 लाख रुपए आंकी गई है,साथ ही पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में उपयोग किए गए 3 पिकअप वाहन व 2 मोटरसाइकिल भी जब्त किए हैं। एसएसपी ने बताया कि मुख्य आरोपी इन्द्रपाल साहू और रफीक खान पहले भी सूरजपुर और कोरबा जिलों में डकैती और चोरी के मामलों में जेल जा चुके हैं,पूछताछ में आरोपियों ने अब तक 11 स्थानों पर चोरी की वारदात करना स्वीकार किया है,पुलिस का मानना है कि और भी लोग इस गिरोह से जुड़े हो सकते हैं जिनकी तलाश जारी है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 331(4), 305 (ई), 112, 317 (2), 3 (5) के अलावा खरीददार पवन अग्रवाल के खिलाफ 317 (2) की धारा को जोड़ा है।

उक्त कार्रवाई में जयनगर थाना प्रभारी रूपेश कुंतल एक्का, लटोरी चौकी प्रभारी अरुण गुप्ता, प्रधान आरक्षक रविशंकर किंडो, रामनिवास तिवारी, संजय राजपूत, आरक्षक विकास मिश्रा, शोभनाथ कुशवाहा,अम्बिका मरावी, सुनील एक्का, देवकीनंदन खुटिया, संतोष जायसवाल सक्रिय रहे।



# 75 पंचायत की गई बाल विवाह मुक्त घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिवस पर छत्तीसगढ़ ने सामाजिक सुधार की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। जिले की 75 ग्राम पंचायतों को बाल विवाह मुक्त ग्राम पंचायत घोषित किया गया है। विगत दो वर्षों में इन पंचायतों में बाल विवाह का एक भी प्रकरण दर्ज न होने के आधार पर यह मान्यता प्रदान की गई।

- मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की सतत पहल एवं मार्गदर्शन से चलाया गया अभियान

इस उपलब्धि के पीछे राज्य की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की सतत पहल, सक्रिय मार्गदर्शन और नेतृत्व को निर्णायक माना जा रहा है।उनके नेतृत्व में विभाग ने गांव-गांव तक जागरूकता अभियान चलाया, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और पंचायत प्रतिनिधियों को सक्रिय किया तथा समुदाय की भागीदारी सुनिश्चित की। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि सूरजपुर जिले की यह पहल केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि पूरे देश के लिए प्रेरणा का कार्य करेगी। प्रधानमंत्री के अमृत महोत्सव वर्ष में यह उपलब्धि समाज में सकारात्मक बदलाव की दिशा में एक सशक्त संदेश है। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में 10 मार्च को बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान की शुरुआत हुई थी। यह अभियान यूनिसेफ के सहयोग से और मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। राज्य सरकार ने बाल विवाह उन्मूलन को सर्वोच्च प्राथमिकताओं में रखा है और विभाग लगातार जनजागरूकता, निगरानी और सामाजिक सहभागिता को मजबूत कर रहा है। सूरजपुर की इस सफलता से प्रेरित होकर अब छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों में भी पंचायतों और नगरीय निकायों को बाल विवाह मुक्त घोषित करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। जिन जिलों में विगत दो वर्षों में बाल विवाह का कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है, वहां शीघ्र ही प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे।

### सामुदायिक भागीदारी की सराहना

जिला प्रशासन ने इस पहल की सफलता में महिला एवं बाल विकास विभाग, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय समुदाय की संयुक्त भूमिका की सराहना की। सभी के सामूहिक प्रयास से यह सुनिश्चित हुआ कि शिक्षा और जागरूकता को प्राथमिकता मिले और कोई भी बाल विवाह न हो।

## विकासखंड में किया गया आदि कर्मयोगी अभियान का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत बगदरी में छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी योजना दीदी का गोठ का सीधा प्रसारण बिहान दीदी एवं महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से आयोजित किया गया।

भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भाजपा सरकार ने महिला सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता और उनकी उन्नति के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई हैं। इन योजनाओं से महिलाएं सामाजिक और आर्थिक दोनों स्तर पर मजबूत हुई है। जनपद सीईओ श्रीमती



सिंह ने कहा कि विकासखंड के 87 ग्रामों और 70 ग्राम पंचायतों में आदि कर्मयोगी कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है, जिससे ग्रामीण विकास को नई दिशा मिलेगी। इस अवसर पर आदि कर्मयोगी कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि विक्रम सिंह, जनपद सदस्य श्रीमती रजनी पैकरा, संतोष यादव, मंडल उपाध्यक्ष यतेन्द्र पाण्डेय,, मंडल महामंत्री सचिन बंसल, महेश्वर राजवाड़े, कत्था दास, बनारसी राम, ग्राम सरपंच, बीपीएम मनोज, रूबी सबा, अभिषेक मिंज, रामेश्वरी यदुवंशी और प्रताप सिंह सिसोदिया आदि मौजूद थे।

## पीएम के जन्मदिन के अवसर पर रोपे गए 101 पीपल के पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर छग राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर द्वारा ग्राम हर्राटिकरा में पीपल पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पर्यटन और संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल, लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज की मौजूदगी में 101 पीपल के पौधे रोप गए। इस दौरान मंत्री श्री अग्रवाल ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा की दृष्टि से बहुत ही सुंदर कार्यक्रम है। इससे आने वाली पीढ़ियों को भी लाभ होगा तथा यह एक प्रकार से मानव सेवा ही है। लुंड्रा विधायक श्री मिंज ने कहा कि अंबिकापुर नगर की जनसंख्या बढ़ती जा रही है, शहर के नजदीक इतनी बड़ी संख्या में पीपल के वृक्ष होने से शुद्ध वातावरण आने




कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि।

वाले सालों तक रहेगा। उन्होंने इसकी सुरक्षा पर भी जोर दिया। युवा आयोग क अध्यक्ष श्री तोमर ने कहा कि राज्य युवा आयोग विभिन्न क्षेत्रों में लगातार सक्रियता से कम कर रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर उनकी प्रेरणा से कार्यक्रम का आयोजन आज किया गया। कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष विकास शुक्ला चंदन ने किया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, त्रिलोक कपूर कुशवाहा, साहित्यकार श्याम कश्यप बेचैन, डॉ संजय गोयल, डॉ. योगेंद्र सिंह गहरवार, डॉ अंकिता गोयल, अधिवक्ता अशोक दुबे, धनंजय मिश्रा, शिवशंकर सिंह, उरांव समाज से वंशीधर उरांव, कोरवा समाज से कृष्णा कोरवा, ननि सभापति हरमिंदर सिंह टिन्नी, आलोक दुबे, श्वेता गुप्ता, जितेंद्र सोनी, अनीता रविन्द्र भारती, दीपक यादव, रविन्द्र तिवारी, अभिषेक सिंह पिंटू, आर्ट ऑफ लिविंग से अजय तिवारी, स्नैकमैन सत्यम द्विवेदी, भाजपा ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष विवेक सिंह, रामकेश्वर राजवाड़े, संजय राजवाड़े, पन्नालाल राजवाड़े, हर्ष जायसवाल, श्रीधर केशरी, डोमन राजवाड़े, सौरभ मिश्रा, मनीष सिंह, लव दुबे, प्रिंस चौबे, दिगंबर यादव, उत्कर्ष पाठक, अंकित तिर्की, पहलराम राजवाड़े, राजू सिंह, सागर विश्वकर्मा, राजकुमार राजवाड़े, जय सिंह, शैलेन्द्र राजवाड़े आदि प्रमुख रूप से शामिल थे।

## अगले साल अलग से रावण दहन करेगी नागरिक सेवा समिति

**अंबिकापुर।** आने वाले सालों में अब नागरिक सेवा समिति अलग से विजय दशमी और रावण दहन कार्यक्रम का आयोजन करेगी। इसके साथ ही नागरिक सेवा समिति द्वारा अन्य त्यौहारों पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बता दें कि अब तक जिले में विजयादशमी, रावण दहन सहित अन्य आयोजन सरगुजा सेवा समिति, नागरिक सेवा समिति और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वाधान में होता है।

इस बार भी नागरिक सेवा समिति द्वारा विजयदशमी पर्व को लेकर 18 सितम्बर को पदाधिकारियों की एक बैठक ली। बैठक में आयोजन को लेकर चर्चा के दौरान सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अपने विचार प्रकट करते हुए कहा चूकि नागरिक सेवा समिति का पंजीयन हो चुका है यह एक पंजीकृत संस्था हैं, इसलिये नागरिक सेवा समिति को समस्त आयोजन पृथक से स्वतः



आयोजित करना चाहिए। हालांकि इस बार कई वरिष्ठ सदस्य पितृपक्ष एवं पारिवारिक अनुष्ठान में व्यस्त होने के कारण बैठक में शामिल नहीं हो पाए इस लिए समिति ने अगले वर्ष से विजय दशमी पर्व के समस्त आयोजन पृथक आयोजित करने सबंधित निर्णय लिया है। इस प्रस्ताव को नागरिक सेवा समिति की आगामी बैठक में रखकर निर्णय लेने का प्रस्ताव पारित किया गया है इसके साथ ही अन्य त्योहारों भी समिति द्वारा विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। इस दौरान नागरिक सेवा समिति के अजय अग्रवाल, शफी अहमद, आलोक दुबे, राजीव अग्रवाल, सिनु जायसवाल, द्वितेन्द्र मिश्रा, सुशील गोयल, जेपी श्रीवास्तव, प्रवीण जायसवाल, रिषभ अग्रवाल सहित अन्य मौजूद थे।

### नवरात्र एवं दशहरा को लेकर थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

**शंकरगढ़।** नवरात्रि एवं दशहरा पर्व को देखते हुए एसडीएम की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई जिसमें डीजे पर पूर्णत प्रतिबंध एवं ट्रैफिक व्यवस्था को नियंत्रण करने, अश्लील गानों पर पूर्णतः प्रतिबंध एवं सब्जी मार्केट को व्यवस्थित करने, बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर थाना पर अपना नाम दर्ज करवाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। शांति समिति की बैठक में एसडीम अनमोल टोप्पो, नायब तहसीलदार गजराज सिंह, थाना प्रभारी जितेंद्र जायसवाल एवं जनप्रतिनिधि सहित क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।





## डीके सोनी को मिला नेताजी सुभाष चंद्र बोस ग्लोबल आइकन लीडर अवार्ड

**अंबिकापुर।** आरटीआई कार्यकर्ता और अधिवक्ता डॉ. डीके सोनी को नेताजी सुभाष चंद्र बोस ग्लोबल आइकन लीडर अवार्ड मिला है। बता दें वर्ड बुक ऑफ रिकॉर्डस संस्था द्वारा बंग गौरव सम्मान का आयोजन कोलकाता में किया गया जिसमें भारत के विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक एवं कानूनी स्तर पर तथा खेल में उत्कृष्ट कार्य करने लोगों का चयन किया गया। इस कार्यक्रम में आरटीआई एवं अन्य कानून के माध्यम से लगातार सामाजिक स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने के लिए अधिवक्ता एवं आरटीआई कार्यकर्ता डॉ. डी के सोनी को भारत के अन्य राज्यों से आए सामाजिक कार्यकर्ताओं और अलग अलग क्षेत्र के लोगों के समक्ष रविन्द्र मंच भवन ठाकुरबाड़ी कोलकाता में वेस्ट बंगाल के पूर्व राज्यपाल एवं इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस श्यामल कुमार सेन तथा पद्मश्री पूर्णा दास बॉल सम्राट के द्वारा बंग गौरव सम्मान के तहत नेताजी सुभाष चंद्र बोस ग्लोबल आइकन लीडर अवार्ड 2025 का अवॉर्ड दिया गया। अधिवक्ता डॉ. डी के सोनी को उक्त अवार्ड मिलने से उनके शुभचिंतकों सहित अधिवक्ताओं और सोशल जस्टिस प्राप्त करने वालो तथा आम जनता में हर्ष व्याप्त है। विदित हो कि आरटीआई कार्यकर्ता और अधिवक्ता डॉ. डीके सोनी के द्वारा हमेशा न्याय में देरी, भ्रष्टाचार एवं विभिन्न क्षेत्रों में समाज सेवा हेतु अनेक कार्य किए जाते रहे हैं। डॉ. सोनी आम जन के लिए न्याय व्यवस्था को सुदृढ़, सुगम और शीघ्र न्याय प्रदान करने हेतु अपनी संस्था सरगुजा सोसाइटी फॉर फास्ट जस्टिस के माध्यम से हमेशा जमीनी स्तर पर एवं आरटीआई के माध्यम से स्थिति स्पष्ट कर माननीय उच्च न्यायालय से लेकर सर्वोच्च न्यायालय तक सफल और निर्णायक कानूनी लड़ाई भी लड़ते रहते हैं।

- कोलकाता में आयोजित कार्यक्रम में मिला सम्मान

## जनपद में सीईओ की अदला-बदली से मचा बवाल, गरमाया राजनीतिक माहौल

**प्रतापपुर।** जनपद पंचायत में इन दिनों राजनीतिक खींचतान और प्रशासनिक घमासान का केंद्र बना हुआ है। पिछले एक महीने से यहां दो जनपद सीईओ के बीच कार्यभार को लेकर पेंच फंसा हुआ था। इस विवाद ने धीरे-धीरे सरपंचों और जनप्रतिनिधियों को भी दो गुटों में बांट दिया। हालात तब और गरमा गया जब दो दिन पूर्व जनपद पंचायत परिसर में सरपंच संघ एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने धरना-प्रदर्शन कर सीईओ जयगोविंद गुप्ता के पक्ष में कार्यभार सौंपने की मांग की।



धरना प्रदर्शन और घेराव से शासन-प्रशासन में हड़कंप मच गया। बढ़ते जनदबाव के बाद राज्य शासन ने देर रात ही बड़ा प्रशासनिक फैसला लेते हुए जनपद सीईओ जयगोविंद गुप्ता का प्रतापपुर से तबादला कर उन्हें सीतापुर का प्रभार सौंप दिया। वहीं पूर्व से प्रभारी के रूप में पदस्थ डॉ. नृपेंद्र सिंह को प्रतापपुर जनपद पंचायत का सीईओ यथावत कर दिया गया है। इस फेरबदल ने प्रतापपुर की सियासत को और अधिक गरमा दिया है। एक ओर जयगोविंद गुप्ता के समर्थन में खड़े सरपंचों और जनप्रतिनिधियों का कहना है कि शासन ने उनकी भावनाओं को दरकिनार किया है। वहीं दूसरी ओर डॉ. नृपेंद्र सिंह के समर्थक इस फैसले को सही ठहराया है। दोनों पक्षों में गुटबाजी स्पष्ट दिखाई देने लगी है। ज्ञात हो कि पूर्व में भी सरपंच संघ कई बार डॉ. नृपेंद्र सिंह को हटाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा था और प्रदर्शन किया था। लेकिन शासन की ओर से उनकी मांगों पर कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया था। अब अचानक हुए इस आदेश ने एक बार फिर जनपद पंचायत के माहौल को उथल-पुथल कर दिया है। रातों-रात सीईओ बदलने के फैसले को लेकर सत्ता और विपक्ष दोनों खेमों में चर्चा तेज है। प्रशासनिक फेरबदल को लेकर गांव-गांव तक राजनीतिक माहौल गरमाया है।

2 विकासखंड में किया गया आदि कर्मयोगी अभियान का शुभारंभ



## खबर संक्षेप

### सरस्वती शिशु मंदिर में मातृ-गोष्ठी आज



**मनेन्द्रगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर मनेन्द्रगढ़ में 21 सितंबर को मातृ-गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम अपरान्ह 3 बजे विद्यालय परिसर में होगा। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल शामिल होंगे। विद्यालय व्यवस्थापक दिनेश्वर मिश्र और प्राचार्य विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि मातृ-गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य विद्यालय और घर के बीच सेतु निर्माण करना है, ताकि बच्चों की शिक्षा, अनुशासन और संस्कारों को और मजबूत किया जा सके। मातृ-गोष्ठी में अभिभावकों को विद्यालय की शिक्षा पद्धति, बच्चों की पढ़ाई में सहयोग, सांस्कृतिक व नैतिक मूल्यों की जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही माताओं की सहभागिता से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा तय होगी।

### गौरक्षा जनजागरण पदयात्रा कल से

**मनेन्द्रगढ़।** गौ सेवा और गौ रक्षा को समर्पित जनजागरण पदयात्रा का आगाज 22 सितंबर को सीतामढ़ी धाम घघरा (जनकपुर) से होगा। यह पदयात्रा रायपुर तक चलेगी, जिसका नेतृत्व श्री-श्री 108 श्री शक पीठाधीश्वर स्वामी रामचंद्र शरण महाराज करेंगे। यात्रा के दौरान अन्न व फल का त्याग कर गौ माता की सेवा और सुरक्षा के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक गांव और शहर में गौशाला, रोटी बैंक और चारा बैंक की स्थापना के लिए लोगों को प्रेरित करना है, ताकि अनारक्षित व आवारा पशुओं की देखभाल और पोषण सुनिश्चित किया जा सके। स्वामी रामचंद्र शरण महाराज ने बताया कि हाईवे पर पशु आए दिन दुर्घटनाओं का शिकार होते हैं, इसे रोकने के लिए हर 5 से 10 किमी की दूरी पर गौशाला स्थापित करने का प्रस्ताव यात्रा के माध्यम से रखा जाएगा। यह पदयात्रा पूरी तरह शांतिपूर्ण होगी तथा इसमें सरकार या प्रशासन के विरूद्ध कोई नारेबाजी या आंदोलन नहीं होगा।

### तुलसी महाविद्यालय प्रांगण में किया पौधरोपण

**अनूपपुर।** शासकीय तुलसी महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकों ने विविध प्रजातियों के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. अनिल कुमार सक्सेना ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हमारी साझा जिम्मेदारी है, प्रत्येक नागरिक को पौधरोपण कर आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित और स्वस्थ वातावरण का निर्माण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है,बल्कि इसका विधिवत संरक्षण भी आवश्यक है।

### स्थानीय कला को जीवंत रखना प्राथमिकता

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि अनूपपुर जिले के ग्राम बीजापुरी नंबर-1 के काष्ठ शिल्पकारों की प्रतिभा अद्वितीय एवं उत्कृष्ट है। यहां निर्मित काष्ठशिल्प की विशिष्टता इसे अन्य क्षेत्रों से अलग बनाती है। जिला प्रशासन की प्राथमिकता स्थानीय कला एवं शिल्प को प्रोत्साहित करना है, ताकि इस क्षेत्र की पारंपरिक प्रतिभा सुरक्षित रहे और नई पीढ़ी में इसका प्रचार-प्रसार हो। इस दिशा में प्रशासन द्वारा विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं, जिनमें शिल्पकारों को आवश्यक उपकरण प्रदान करना, बड़े व्यापारियों से जोड़कर विपणन के अवसर उपलब्ध कराना और उनकी कला को व्यापक स्तर पर पहचान दिलाना शामिल है।

# 25 के एवज में कॉलेज के पास मात्र 15 एकड़ जमीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- वर्षों से जमीन तलाश रहा कृषि कॉलेज




जिला मुख्यालय से करीब 10 किमी दूर गेज बांध के समीप स्थित स्व. डॉ.रामचंद्र सिंहदेव कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंसाधन केन्द्र कोरिया वर्षों से अपनी स्थायी जमीन की तलाश में भटक रहा है।

महाविद्यालय के लिए संशोधित गाइडलाइन के अनुसार 25 एकड़ भूमि अनिवार्य है, लेकिन कॉलेज के पास फिलहाल केवल 15 एकड़ भूमि ही उपलब्ध है। शेष 10 एकड़ भूमि अधिपत्य में तो है, लेकिन अभी तक कृषि महाविद्यालय के नाम दर्ज नहीं हो सकी है। भूमि की कमी और अधिपत्य संबंधी अड़चनों के चलते कोरिया जिले का यह कृषि महाविद्यालय केन्द्र सरकार की ओर से मिलने वाली कई सुविधाओं से वंचित रह गया है। यही वजह है कि महाविद्यालय को फिलहाल केवल राज्य स्तर की रैंकिंग प्राप्त है। 25 एकड़ की गाइडलाइन पूरी नहीं कर पाने से यह केन्द्र स्तर की रैंकिंग से पिछड़ रहा है। ⏭ शेष पेज 4 पर

### क्या कहते हैं विद्यार्थी

जिले के विद्यार्थियों का कहना है कि यहां जमीन की समस्या के कारण हमारे कॉलेज को न तो आधुनिक लैब मिल पा रही है और न ही केन्द्र की योजनाओं का लाभ। इसका सीधा असर हमारी पढ़ाई पर पड़ रहा है। एक छात्रा ने कहा कि अगर 25 एकड़ भूमि का प्रावधान पूरा हो जाए तो कॉलेज को राष्टीय स्तर की मान्यता मिलेगी, इससे हमें रिसर्च और प्लेसमेंट दोनों में फायदा होगा। एक अन्य छात्र ने कहा कि वर्षों से जमीन को लेकर अटके मामले के कारण कॉलेज विकास से वंचित है। उच्चाधिकारियों को जल्द ही इस समस्या का हल करना चाहिए। हम चाहते हैं कि जल्द से जल्द कृषि महाविद्यालय को उसकी पूरी जमीन मिले, ताकि हम बेहतर संसाधनों के साथ पढ़ाई कर सकें।

# पितृपक्ष पखवाड़े का समापन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



- जलाशयों में होगा तर्पण का कार्यक्रम

सर्वपितृ मोक्ष आमावस्या 21 सितंबर को अपने अपने दिवंगत पितरों को विधि-विधान के साथ विदाई दी जाएगी। सुबह होने के साथ ही पितरों के विदाई के लिए नदी तालाबों एवं घरों में आवश्यक कार्य संपन्न कराए जाते हैं।

जानकारी के अनुसार इस बार सर्व पितृमोक्ष अमावस्या तिथि पर सर्वार्थ सिद्धि योग के साथ अन्य योग बन रहे हैं। यह दिन उन सभी पूर्वजों के लिए श्राद्ध, तर्पण और पिंडदान करने का विशेष दिन होता है, जिनकी मृत्यु तिथि ज्ञात नहीं है या जिनका श्राद्ध किसी काणवश अन्य दिन नहीं किया है। आज के दिन किए गए श्राद्ध तर्पण के कार्य से पितर प्रसन्न होते हैं। पितृमोक्ष अमावस्या तिथि को विधि-विधान के साथ श्राद्ध का कार्य करने के बाद ब्राम्हणों को भोजन एवं दान देने की भी परंपरा है, जिनके बिना यह कार्य अधूरा रहता है। मान्यता के अनुसार पितृपक्ष के दौरान पितर पृथ्वी पर अपने परिवार से मिलने के लिए आते हैं और उनका इस दौरान विधिवत श्राद्ध न किया जाए तो पितर नाराज होकर लौट जाते हैं, इससे घर में अशांति या हानि के साथ स्वास्थ्यगत समस्याएं आ सकती है। यही कारण है कि लोग पितृपक्ष के पखवाडे में अपने दिवंगत पितरों के लिए श्राद्ध तर्पण का कार्य विधि-विधान के साथ तिथि अनुसार करते हैं और जिनकी तिथि ज्ञान नहीं होती वे अंतिम दिन श्राद्ध तर्पण कर कार्य कर पितरो को विदा करते हैं।

### कल से नवरात्र की शुरूआत

रविवार 21 सितंबर को पितरों को विदाई दी जाएगी, इसके दूसरे दिन 22 सितंबर को आदिशक्ति की आराधना शुरू हो जाएगी, जो नौ दिनों तक पूरे भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा। इस बार पूरे नौ दिनो तक माता के विभिन्न रूपों की पूजा-अर्चना विधि-विधान के साथ की जाएगी। शहर सहित जिलेभर के प्रमुख जगहों पर माता का भव्य दरबार सजाने की तैयारियां जोर-शोर से चल रही है, जहां कल घट स्थापना के साथ नौ दिनों तक शक्ति की देवी की पूजा-अर्चना की शुरूआत होगी।

# नकारात्मक विचार मन को कमजोर करते हैं: रेखा




- सोशल प्रोटेक्ट विंडो मॉडल

**बैकुंठपुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सभाकक्ष में सोशल प्रोटेक्ट सिंह विंडो मॉडल तथा एमएचआईवी एक्ट 2017 पर आधारित जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बीके रेखा दीदी उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि आज अधिकांश लोग मन की कमजोरी से बीमार हो रहे हैं। यदि मन को शक्तिशाली बना लिया जाए तो तन भी स्वस्थ रहता है। मन को शक्तिशाली बनाने के लिए राजयोग का अभ्यास आवश्यक है, जिससे परमात्मा से जुड़कर आंतरिक शक्ति एवं आत्मबल को बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने उदाहरण देकर समझाया कि जैसे कचरा डिब्बे में जमा होकर दुर्गंध और बीमारी फैलाता है, वैसे ही नकारात्मक विचार मन को कमजोर कर देते हैं। अतः सकारात्मक सोच अपनाकर ही जीवन को स्वस्थ व सुखी बनाया जा सकता है। उन्होंने सभी उपस्थितजन से राजयोग सीखने का आह्वान किया, इसके पश्चात एड्स से बचाव के लिए सामूहिक प्रतिज्ञा भी कराई गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह ने एचआईवी/एड्स के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि जिले से इस बीमारी को समाप्त करने के लिए सामूहिक जनजागरूकता जरूरी है। वहीं राकेश सिंह ने भी एचआईवी एड्स से संबंधित जानकारियां साझा कीं। इस अवसर पर एचआईवी पॉजिटिव सदस्य, मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, टीआई एनजीओ प्रतिनिधि, टीसीटीसी परामर्शदाता देवी प्रसाद सोनी, लक्ष्मीनिया सिंह, अंजू लता सहित स्वास्थ्य विभाग का समस्त स्टाफ एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



## सहायक उपनिरीक्षक महेश को पदोन्नति, बने उप निरीक्षक

**बैकुण्ठपुर।** पुलिस मुख्यालय नया रायपुर से जारी आदेश के तहत जिला कोरिया में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक महेश कुमार कुशवाहा को पदोन्नत कर उप निरीक्षक बनाया गया। पुलिस अधीक्षक कोरिया रवि कुमार कुर्रे (भा.पु.से.) एवं उप पुलिस अधीक्षक बैकुंठपुर श्यामलाल मधुकर की उपस्थिति में आयोजित समारोह में दोनों अधिकारियों ने कुशवाहा को स्टार लगाकर नई जिम्मेदारी सौंपी। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पदोन्नति सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी का प्रतीक है और हमें विश्वास है कि नवपदस्थ उप निरीक्षक अपनी निष्ठा व ईमानदारी से विभाग का गौरव बढ़ाएंगे।

# शिक्षिका ने छात्रहित में पुरस्कार राशि दान की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



शासकीय माध्यमिक शाला रकया संकुल खरवत में पदस्थ शिक्षिका कानन गुप्ता ने मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण 2025 पुरस्कार समारोह में प्राप्त सात हजार रूपए की धनराशि को छात्र हित के लिए संस्था को दान कर दिया। इसमें स्वयं की राशि मिलाकर स्कूल के सभी बच्चों को दो जोड़ी मोजा और एक जोड़ी जूता प्रदान किया।

छात्रों के आत्मविश्वास व विकास के लिए जूते, मोजे, स्वेटर, टाई बेल्ट अनिवार्य तत्व होते हैं, इसमें बच्चों की उपस्थिति विद्यालय में बढ़ती है और पूरी ऊर्जा के साथ बच्चे पढ़ते है। इसी तत्व को ध्यान में रखते हुए सरकारी स्कूलों में शिक्षकों द्वारा स्वयं के व्यय से अपने वेतन आदि से स्कूल के बच्चों के लिए जूते, मोजे, टाई, बेल्ट ,स्वेटर आदि दिया जा रहा है और बच्चों के शैक्षिक विकास के लिए विद्यालय समय 4 बजे के बाद और 10 बजे के पूर्व अतिरिक्त क्लास लिया जा रहा है व समाज के लिए आदर्श उदाहरण प्रस्तुत कर रहे कि शिक्षक अपने शिष्य के विकास के लिए सब कुछ न्यौछावर कर सकते हैं। कार्यक्रम में एसएमसी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सदस्य सहित प्रधान पाठिका और संस्था के समस्त स्टाफ समेत पालक उपस्थित रहे।

एसएमसी के अध्यक्ष धनमत रजवाड़े, उपाध्यक्ष बसंती राजवाड़े, प्रधान पाठिका अर्चना राजवाड़े, शिक्षिका तरशिला तिग्गा ,रोशनी सिंह, कानन गुप्ता के हाथो से बच्चों को जूता, मोजा प्रदान किया गया।

# आयुष स्वास्थ्य शिविर में 377 मरीजों की जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



स्वास्थ्य शिविर में जांच कराती महिला।

संचालनालय आयुष रायपुर एवं कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी के आदेशानुसार छग स्थापना वर्ष रजत जयंती, 10 वें आयुर्वेद दिवस, स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान, पोषण माह एवं आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन ग्राम भैंसवार बाजार (विकासखंड सोनहत) में किया गया।

शिविर का नेतृत्व जिला आयुष अधिकारी डॉ. एल्विना ग्रेस टोप्पो ने किया। शिविर में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से 293 तथा होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति से 84, इस प्रकार कुल 377 रोगियों का परीक्षण एवं उपचार किया गया। विशेष रूप से महिलाओं और किशोर बालिकाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर रक्तचाप, शुगर, एनीमिया की जांच की गई। साथ ही ओस्टियो आर्थराइटिस एवं मस्क्युलोस्केलेटन डिजीज, एनसीडी, सिकल सेल, मासिक धर्म स्वच्छता एवं पोषण आहार संबंधी समस्याओं से बचाव पर जानकारी प्रदान की गई।

शिविर में उपस्थित महिलाओं को योगाभ्यास कराया गया और योग व प्राणायाम की उपयोगिता बताई गई। साथ ही नशा मुक्ति अभियान, सुप्रजा कार्यक्रम एवं आयुष विभाग द्वारा संचालित सभी राष्टीय कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। उपस्थित जनसमुदाय को मधुमेह, उच्च रक्तचाप, कुपोषण, प्रकृति परीक्षण आदि से संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य सुरेश सिंह, सरपंच श्रीमती मोनिका सिंह, श्रीमती राजकुमारी सिंह एवं अशोक मिंज, डॉ. खिलेन्द्र प्रताप सिंह, तपन चदवशी, डॉ. राजेश सिंह यादव, डॉ.बीके गुप्ता, डॉ. करिश्मा एक्का, डॉ. सुषमा भगत, डॉ. प्रमोद सिंह, डॉ. अंजली, डॉ. श्रृष्टि गुप्ता, डॉ. रमाकांत कुर्रे सहित अन्य चिकित्सक एवं कर्मियों का विशेष योगदान रहा।

## आईटीआई में प्रवेश के लिए आवेदन आज तक

**बलरामपुर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजपुर एवं रामचंद्रपुर में प्रशिक्षण सत्र 2025-26 एवं 2025-27 में उपलब्ध रिक्त सीटों राजपुर में (व्यवसाय-स्टेनो (हिन्दी) एवं विद्युतकार) एवं रामचंद्रपुर में कोपा व विद्युतकार हेतु ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 17 सितम्बर से शुरू हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी 21 सितम्बर तक आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश हेतु इच्छुक आवेदक विभागीय वेबसाईट पर लॉगिन कर आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजपुर एवं रामचंद्रपुर के सूचना पटल का अवलोकन किया जा सकता है। प्रवेश से संबंधित सभी दिशा-निर्देश और नियम वेबसाइट पर उपलब्ध प्रवेश विवरणिका 2025 में दिए गए हैं। अभ्यर्थी आवेदन करने से पहले प्रवेश विवरणिका 2025 का ध्यानपूर्वक अध्ययन करें। आवश्यक जानकारी या सहायता के लिए आवेदक उपस्थित होकर मार्गदर्शन ले सकते हैं।

# छात्राओं में विज्ञान के प्रति बढ़ी रुचि

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- विज्ञान अनुसंधान यात्रा का आयोजन



कार्यक्रम में उपस्थित छात्राएं व शिक्षक।

राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद रायपुर तथा छग विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में 13 से 18 सितंबर तक विज्ञान अनुसंधान यात्रा का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य स्कूली छात्राओं में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि व जागरूकता बढ़ाना था।

राज्य स्तरीय विज्ञान क्विज के माध्यम से चयनित 54 विजेता छात्राओं एवं 9 जोन प्रभारी शिक्षिकाओं ने इस शैक्षिक यात्रा में भाग लिया। अंबिकापुर जोन प्रभारी प्रिया गुप्ता ने बताया कि अंबिकापुर, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, कोरिया, जशपुर और सीतापुर जिले की छात्राओं ने इसमें हिस्सा लिया। मनेन्द्रगढ़ से योगिता साहू व सादिया बानो, कोरिया से मोनिशा साहू व आकांक्षा साहू, जशपुर से दीपिका भगत व मुस्कान भगत तथा सीतापुर से प्रियांशी जायसवाल और आरक्षी गुप्ता शामिल रहीं। यात्रा का उद्घाटन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद के महानिदेशक डॉ. सपन कर्माकर ने किया। 5 दिवसीय यात्रा के दौरान छात्राओं ने रायपुर स्थित रीजनल साइंस सेंटर, कोलकाता का बिरला तारामंडल, साइंस सिटी, एसएन बोस इंस्टीट्यूट ऑफ बेसिक साइंस और साहा इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूक्लियर फिजिक्स का भ्रमण किया। यहां उन्होंने तारामंडल में खगोल विज्ञान, रमन प्रभाव द्वारा प्रकीर्णन, इलेक्ट्रॉन सूक्ष्मदर्शी, परम शून्य ताप पर हीलियम का द्रवीकरण, डीएनए संरचना, लाइट-मैटर इंटरैक्शन, रडार प्रणाली, इलेक्ट्रोमैग्नेटिक चिप तथा नासा के मानवरहित यान संबंधी प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

कार्यक्रम ने छात्राओं और शिक्षिकाओं को विज्ञान एवं तकनीकी के प्रति नई ऊर्जा और प्रेरणा दी।

## नपा बैकुंठपुर में सामान्य सभा की बैठक

# कर्मचारी और पार्षदों के मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर




नगर पालिका परिषद बैकुंठपुर की सामान्य सभा बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। इस अवसर पर नपाध्यक्ष श्रीमती नविता शिवहरे, उपाध्यक्ष आशीष यादव, सीएमओ संजय दुबे समेत सभी पार्षद व नपा कर्मी मौजूद रहे।

बैठक में जल आवर्धन के 7 कर्मचारी, जिनकी ड्यूटी इंटकबेल पानी टंकी में थी और जिनका पांच माह से भुगतान लंबित था, इसे लेकर पार्षदों ने पहल की। इन कर्मचारियों को अनुपस्थिति के चलते हटाया गया था, किंतु पार्षदों के आग्रह पर उन्हें पुनः कार्य पर रखने और जल्द ही भुगतान करने का आश्वासन दिया गया। वहीं लगभग 12 महीनों से लंबित पार्षदों के मानदेय को लेकर भी सदन में चर्चा हुई। पार्षदों ने एक स्वर में इसके भुगतान की मांग की, जिस पर सीएमओ ने शीघ्र भुगतान का भरोसा दिलाया। आगामी नवरात्र पर्व को देखते हुए पार्षदों ने जगह-जगह खराब स्ट्रीट लाइट बदलने का प्रस्ताव रखा। इस पर सीएमओ श्री दुबे ने बताया कि राज्य शासन द्वारा नई रूपरेखा तैयार की जा रही है, इसके तहत पार्षद स्वयं अपनी निधि से लाइट की खरीद कर सकेंगे। वहीं पौधरोपण को लेकर कुछ पार्षदों ने असंतोष जताया। इसी तरह गैस पाइपलाइन ठेकेदार को बैठक में बुलाकर सुरक्षा व सुविधा से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में यह भी सामने आया कि वार्ड में किसी गरीब परिवार की मृत्यु के पश्चात मिलने वाली 2000 रूपए की श्रद्धांजलि योजना की राशि अब राज्य शासन से स्वीकृत होगी। सीएमओ ने कहा कि पहले यह राशि सीधे नगर पालिका से दी जाती थी, लेकिन अब सूची राज्य शासन को भेजी जाती है, जिसके बाद हितग्राही को लाभ मिलेगा। बैठक में रखे गए सभी प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई।

## आदेश भेजकर खुद अपने फैसले से मुकरा आयोग

**मनेन्द्रगढ़।** आरटीआई कार्यकर्ता अशोक श्रीवास्तव से जुड़ा है, जिन्होंने वन विभाग से 2017 से 2022 तक की कैशबुक की जानकारी मांगी थी। शुरूआत में जन सूचना अधिकारी ने जानकारी देने से साफ इनकार कर दिया। प्रथम अपील में भी राहत नहीं मिली। अंततः जब मामला राज्य सूचना आयोग पहुंचा, तो उस समय के राज्य सूचना आयुक्त धावेन्द्र जायसवाल ने स्पष्ट आदेश दिया कि मांगी गई जानकारी उपलब्ध कराई जाए, लेकिन वनमंडल बैकुंठपुर के अधिकारियों ने आदेश की खुलेआम अवहेलना कर दी। कैशबुक उपलब्ध कराने के बजाय केवल परिक्षेत्रों की सूची भेज दी गई, इससे नाराज होकर श्री श्रीवास्तव ने आयोग में अवमानना की शिकायत दर्ज कराई। सबसे चौकाने वाला मोड़ तब आया जब आयोग ने शिकायत पर 24 फरवरी 2025 को एक नया आदेश जारी किया। यह आदेश 19 जुलाई 2025 को शिकायतकर्ता को मिला। इसमें सूचना आयुक्त आलोक चंद्रवंशी का नाम तो था, लेकिन हस्ताक्षर गायब थे। आदेश पर केवल एक अनाम स्टाफ ऑफिसर का जिक्र था।

# नई दिल्ली में सम्मानित होंगी कोरिया की शबाना



**बैकुण्ठपुर।** कला, संस्कृति और सामाजिक सरोकारों को प्रोत्साहित करने वाली प्रतिष्ठित संस्था निफा के सिल्वर जुबली समारोह राजधानी दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित होगा। इसमें कोरिया से शबाना बेगम का चयन उनके द्वारा क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय सामाजिक कार्यों के आधार पर किया गया है।

उन्होंने बालिका एवं महिला शिक्षा, डिजिटल साक्षरता, महिला सशक्तिकरण, मतदाता जागरूकता, स्वच्छता अभियान, स्वरोजगार प्रोत्साहन, सरकारी योजनाओं का प्रसार, यातायात सुरक्षा, पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्ति अभियान तथा स्वास्थ्य जागरूकता जैसे विविध कार्यक्रमों में सक्रिय योगदान दिया है। चयनित प्रतिभागियों को यंग सोशल चेंजमेकर अवार्ड, वर्ल्ड रिकॉर्ड ऑफ एक्सीलेंस (इंग्लैंड) सर्टिफिकेट, टी-शर्ट एवं मोमेंटो से सम्मानित किया जाएगा, इसके अतिरिक्त प्रत्येक राज्य से चयनित एक महिला और एक पुरूष को 10,000 का नकद पुरस्कार, वहीं राष्टीय स्तर पर विजेताओं को 50,000 का भव्य इनाम भी प्रदान किया जाएगा।

इस आयोजन में मॉरिशस के महामहिम राष्टपति मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। चयनित प्रतिभागी शबाना बेगम ने कहा कि इस सम्मान से मुझे अपने कार्य को और आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### मैराथन दौड़ आज

**मनेन्द्रगढ़।** सेवा पखवाड़ा दिवस के अवसर पर 21 सितंबर को नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य नशामुक्ति के संकल्प को मजबूत करना और समाज में जनजागरूकता फैलाना है। मैराथन सुबह 6:30 बजे स्वामी आत्मानंद इंग्लिश स्कूल से प्रारंभ होकर आमाखेरवा ग्राउंड तक आयोजित होगी। इसमें पुलिस विभाग, महाविद्यालय एवं स्कूलों के विद्यार्थी, स्काउट-गाइड, रेडक्रॉस के सदस्य और नशामुक्ति केन्द्र से जुड़े प्रतिभागी शामिल होंगे। आयोजकों ने बताया कि प्रतिभागियों को उत्साहित करने के लिए पुरस्कार भी निर्धारित किए गए हैं। प्रथम पुरस्कार 2100 रूपए, द्वितीय पुरस्कार 1500 रूपए और तृतीय पुरस्कार 1100 रूपए दिया जाएगा।

### श्री सर्वेश्वरी समूह का स्थापना दिवस आज

**बैकुण्ठपुर।** श्री सर्वेश्वरी समूह का 65 वां स्थापना दिवस 21 सितंबर को उल्लास एवं भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा। जानकारी के अनुसार श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा तलवापारा बैकुंठपुर में स्थापना दिवस पर आश्रम प्रांगण में ध्वजारोहण सफलयोनी का पाठ, आरती की जाएगी। इसके पूर्व आज प्रातः 8 बजे नगर भ्रमण माँ सर्वेश्वरी शिशु मंदिर गढेलपारा से शुरू होकर मुख्य मार्ग होते कुमार चौक से पैलेस मार्ग, महलपारा, डबरीपारा होते मुख्य मार्ग से स्कूलपारा ओड़गी नाका होते आश्रम परिसर तलवापारा तक वाहन द्वारा नगर भ्रमण होगा। इसके पश्चात आश्रम परिसर में विविध कार्यक्रम आयोजित किया गया है तथा भंडारा प्रसाद वितरण भी किया जाएगा।

### बरदिया में स्वच्छता अभियान एवं पौधरोपण



**कटकोना।** सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को ग्राम बरदिया के शिव मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान एवं एक पेड़ मां के नाम पौधरोपण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा मंडल अध्यक्ष रामलखन यादव, जिला सह मीडिया प्रभारी गणेश यादव, इकाई अध्यक्ष अनिल राजवाड़े, संदीप राजवाड़े, जयकुमार राजवाड़े, बुद्धूलाल रजक, बाबूलाल देवांगन, ननका राजवाड़े, बिंदेश्वरी पैकरा, अंगद देवांगन, सूरज देवांगन, जुगेश राजवाड़े, पप्पू राजवाड़े, सूरज प्रजापति सहित अन्य कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### गोंगपा ने मनाया बलिदान दिवस



**कोरिया कॉलरी।** गोंडवाना गणतंत्र पार्टी की ओर से 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए वीर राजा शंकर शाह एवं उनके पुत्र कुंवर रघुनाथ शाह मरावी की 167 वीं बलिदान दिवस श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम ग्राम पंचायत ठग्गांव डूमरबहरा में आयोजित हुआ, जहां बलिदान चौक की स्थापना की घोषणा की गई। कार्यक्रम अध्यक्ष राम सिंह सलाम ने बताया कि इस चौक के माध्यम से ग्रामवासी वीर शहीदों के त्याग और बलिदान से प्रेरणा ले सकेंगे। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह कमरो, युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक मरावी, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी शेख इस्माइल, सरपंच एवं उप सरपंच सहित प्रदेश पदाधिकारी शशि राज, सलीर्म, रमजान, नंदकुमार आयाम, राजेन्द्र सिंह, देवेन्द्र सिंह, जैक्सन, विजय विश्वकर्मा, चंद्रप्रकाश सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कार्यक्रम में लोगों को योजनाओं की दी गई जानकारी

# वनांचल रामगढ़ में जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देशानुसार बेटी पढ़ाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत विकासखंड सोनहत के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामगढ़ में गत दिवस नशा मुक्ति जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों को देश में नशीली दवाओं दुरूपयोग से परिवार एवं समाज में हो रहे खतरनाक परिणाम एवं अपराध में हुए वृद्धि तथा इसके अन्य दुष्प्रभावों के बारे में बताया गया।

19 सितंबर के कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को महिला एवं बाल विकास विभाग के योजनाओं के विषय में जानकारी जैसे चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, महिला हेल्प लाइन 181, स्पॉन्सरशिप योजना, सखी वन स्टॉप सेंटर, घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, लैंगिक उत्पीड़न, कार्य स्थल में लैंगिक उत्पीड़न आदि के विषय में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में रामगढ़ क्षेत्र के जनपद सदस्य, सरपंच एवं अन्य सामान्य नागरिक गढ़ उपस्थित हुए। कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग से संचालित होने वाले विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपस्थितजन को दी गई।




### नशा मुक्त भारत अभियान जागरूकता कार्यक्रम



बैकुण्ठपुर। छग रजत जयंती महोत्सव के अंतर्गत प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बैकुंठपुर द्वारा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला सरईगहना में नशा मुक्त भारत अभियान जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बीके सीता जी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में लक्ष्य प्राप्त करने के लिए शारीरिक और मानसिक शुद्धता जरूरी है। नशा न केवल स्वास्थ्य को हानि पहुंचाता है, बल्कि जीवन के लक्ष्यों में भी बाधा डालता है। उन्होंने बच्चों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए स्वस्थ एवं नशा मुक्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया तथा सामूहिक प्रतिज्ञा भी दिलाई। वहीं बीके ममता बहन ने ब्रह्माकुमारी संस्था का परिचय देते हुए परमात्मा को याद करने की विधि सिखाई। उन्होंने शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि आप बच्चों में अच्छे संस्कार विकसित कर रहे हैं। इस अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सरईगहना की प्रधान पाठिका सावित्री सिंह, शिक्षक अभिषेक सिंह, शिक्षक टिकेश्वर, नवीन साहू, शासकीय प्राथमिक शाला सरईगहना के शिक्षक सुंदर प्रसाद सोनवानी सहित लगभग 100 विद्यार्थी उपस्थित रहे। ब्रह्माकुमारी सेवा केन्द्र ने बताया कि संस्था का उद्देश्य युवाओं को स्वस्थ, नशा मुक्त एवं सकारात्मक जीवन की ओर प्रेरित करना है।

### केशगवां में उपभोक्ता जागरूकता शिविर



सोनहत। राज्य उपभोक्ता आयोग रायपुर के निर्देशानुसार जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग बैकुंठपुर द्वारा 19 सितंबर को सोनहत विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत केशगवां में उपभोक्ता साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला उपभोक्ता आयोग कोरिया के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रधान ने उपभोक्ता कानूनों की जानकारी देते हुए कहा कि व्यक्ति जन्म से ही उपभोक्ता होता है और सेवा में कमी होने पर आयोग के समक्ष शिकायत दर्ज कर सकता है। उन्होंने बताया कि 5 लाख रूपए तक की शिकायत पर कोई शुल्क नहीं देना पड़ता, जबकि 50 लाख रूपए तक की शिकायत मामूली शुल्क पर दर्ज की जा सकती है।

## सेवा पखवाड़ा: सोनहत मंडल में पौधरोपण कार्यक्रम



**सोनहत।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस अवसर पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत सोनहत मंडल के विभिन्न ग्रामों में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। पर्यावरण संरक्षण एवं सेवा संकल्प के इस अभियान में कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। ग्राम घुघरा में मंडल अध्यक्ष राजाराम राजवाड़े के नेतृत्व में पौधरोपण हुआ।

उन्होंने कहा कि पौधरोपण प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी और आने वाली पीढ़ियों के लिए संदेश है। इस अवसर पर सुभाष जायसवाल, सुरेश तिवारी, दीपक जायसवाल, चिराग तिवारी सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ग्राम बोड़ार में महामंत्री मनोज साहू के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का जन्मदिवस सेवा और समर्पण का प्रेरणादायक अवसर है। यहां सुरेश राजवाड़े, गणेश्वर प्रसाद, भूपेन्द्र कुमार सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत नौगई पहाड़पारा में जनपद पंचायत अध्यक्ष आशा देवी सोनपकर के नेतृत्व में प्राथमिक शाला परिसर में पौधरोपण `किया गया।

### अमरा में सेवा पखवाड़ा के तहत पौधरोपण



सोनहत। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत ग्राम अमरा के दूल्हीधार शिव मंदिर परिसर में साफ-सफाई एवं पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर अकलासरई की सरपंच बसंती सिंह, उप सरपंच उर्मिला सिंह, वनरक्षक राजू राजवाड़े, पितांबर, रामप्रताप सिंह, नरेन्द्र राजवाड़े, मंदिर के पंडा मोहरलाल तथा मंदिर समिति के अध्यक्ष रामनारायण, सचिव जितेश जायसवाल, कोषाध्यक्ष गोरेलाल सहित सदस्य महेन्द्र, रामकरण, अमन, कविलाल, धर्मसाय, रूप नारायण, राममनोहर, शिवबरन सहित काफी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## सेवा पखवाड़ा : नमो दौड़ का आयोजन




**बैकुण्ठपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आयोजित सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत आज बैकुंठपुर में नमो दौड़ का आयोजन किया गया। इस दौड़ की शुरूआत कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के नेतृत्व में घड़ी चौक से हुई, जो मिनी स्टेडियम तक संपन्न हुई। इस अवसर पर सैकड़ों स्कूली छात्र-छात्राएं, भारत स्काउट-गाइड कैडेट, एनसीसी, एनएसएस महाविद्यालयीन युवा, जनप्रतिनिधि एवं आम नागरिक उत्साहपूर्वक शामिल हुए। बालक-बालिका वर्ग में पुरस्कृत दौड़ उपरांत कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी द्वारा 14 वर्ष से कम एवं 14 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं को पुरस्कृत किया गया। आज ही आयुर्वेद दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा आयुर्वेद दिवस की शपथ एवं नशा मुक्त भारत की शपथ भी दिलाई गई। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता दीदी के द्वारा शहर में विशेष सफाई कार्य किया गया।

## गर्ल्स कॉलेज में रक्तदान जागरूकता पर कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर की प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप के मार्गदर्शन एवं भारत सिंह के निर्देशन में महाविद्यालय में रेड कॉस इकाई के बैनर तले रक्तदान जागरूकता एवं एड्स जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें नारा लेखन में 38, रंगोली में 33 एवं पोस्टर प्रतियोगता में 36 छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने नारा, रंगोली एवं पोस्टर के माध्यम से लोगों में जागरूकता का संदेश देने का प्रयास किया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकों की अहम भूमिका रही। इसमें नारा लेखन में श्रीमती कनकलता पैकरा प्रभारी के रूप में एवं डॉ.ज्ञान चंद्र पाल सदस्य के रूप में, रंगोली प्रतियोगिता में सुश्री रिचा चेलकर प्रभारी के रूप में एवं विनय कुमार गुप्ता सदस्य के रूप में तथा पोस्टर प्रतियोगता में मो.अमजद प्रभारी के रूप में, विजय कुमार सदस्य के रूप में सहयोग प्रदान किए। इसके साथ ही महाविद्यालयीन स्टॉफ डॉ. सुमित कुमार डे, वरूण कुमार कुशवाहा, रितेश कुमार गुप्ता, डॉ. पवन कुमार उपाध्याय, बिक्की राम, सुमित मिश्रा, विपिन सिंह, श्रीमती प्रतिभा उपाध्याय, तेजीलाल कुजूर, भागवत प्रसाद साहू, सुश्री खुशबू, सत्येन्द्र पैकरा, चुन्नू, श्रीमती उर्मिला, श्रीमती अनिता ने सभी प्रतिभागियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी हैं।



आयोजित प्रतियोगिता।

### जिला चिकित्सालय चिरमिरी में रक्तदान शिविर

डोमनहिल। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मोत्सव के अवसर पर जिला चिकित्सालय चिरमिरी में रक्तदान शिविर एवं विशाल स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर काफी संख्या में लोग रक्तदान करने पहुंचे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एमसीबी द्वारा आयोजित शिविर का अवलोकन करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने रक्तदाताओं को शुभकामनाएं दीं और समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने के लिए आभार व्यक्त किया। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार दोपहर 12 बजे तक लगभग 10 यूनिट रक्त एकत्र हो चुका था। वहीं भाजपा युवा मोर्चा ने 200 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य तय किया है। शिविर में बाहर से आए सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों हार्ट स्पेशलिस्ट, चाइल्ड स्पेशलिस्ट एवं सर्जन ने मरीजों का निःशुल्क उपचार किया और दवाइयां भी प्रदान कीं।



## गौ विज्ञान परीक्षा का आयोजन

**मनेन्द्रगढ़।** भारतीय संस्कृति, संस्कारों को पुर्नजीवित करने की दिशा में छग शासन ने गौ विज्ञान परीक्षा का आयोजन किया है। इस परीक्षा से बच्चों को गौ माता से संबंधित जानकारी प्राप्त होगी। स्वामी आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल जनकपुर में उद्बोधन देते हुए विकासखंड नोडल गौ विज्ञान परीक्षा हेमंत नंदे ने कहा कि इस परीक्षा में शासन ने प्रथम पुरस्कार में 51000 रूपए, द्वितीय 31000 रूपए व तृतीय स्थान को 11000 रूपए नगद पुरस्कार देने की घोषणा की है। इसके बाद श्री नंदे प्राचार्य आत्मानंद हायर सेकेंडरी स्कूल जनकपुर, दीपक सिंह बघेल व सीएसी ने शासकीय नवीन महाविद्यालय, जनकपुर व न्यू लाईफ हायर सेकेंडरी स्कूल जनकपुर में छात्र-छात्राओं को संबोधित करके गौ विज्ञान परीक्षा की जानकारी दी।




## धान उपार्जन के लिए कृषक पंजीयन 31 तक अनिवार्य

**बैकुण्ठपुर।** राज्य शासन द्वारा आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के लिए कृषक पंजीयन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर निर्धारित की गई है। नए कृषकों का पंजीयन एकीकृत किसान पोर्टल के साथ-साथ भारत सरकार के एग्रीस्टेक पोर्टल में भी किया जाना आवश्यक है। एकीकृत किसान पोर्टल में पूर्व वर्ष के पंजीकृत कृषकों का पंजीयन कैरी फारवर्ड व संशोधन से पूर्व समस्त कृषकों का एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य रूप से किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने सभी समितियों एवं विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि कृषक पंजीयन कार्य को प्राथमिकता से पूरा कराएं तथा प्रत्येक कृषक को निर्धारित समय-सीमा में पंजीयन के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि किसी भी कृषक को धान विक्रय से वंचित न रहने दिया जाए, इसके लिए पंजीयन प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता और सुविधा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जिले के समस्त कृषकों से आग्रह करते हुए कहा कि वे आगामी खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान विक्रय के लिए अनिवार्य रूप से 31 अक्टूबर तक पंजीयन करा लें। जिला सहकारी सहायक पंजीयक अधिकारी ने जानकारी दी है कि 23 हजार 206 कृषकों ने पिछले वर्ष धान खरीदी के लिए पंजीकरण कराया था, इस वर्ष 60 प्रतिशत केरी फारवर्ड हो चुका है। 35 नवीन पंजीकरण हुए हैं। कृषक समिति में जाकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।





## पिपरिया में छात्र-छात्राओं ने लिया स्वच्छता का संकल्प

मनेन्द्रगढ़। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शासकीय हाईस्कूल पिपरिया में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया । इस अवसर पर विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ के द्वारा सामूहिक रूप से स्वच्छता का अभियान चलाया गया, वहीं विद्यार्थियों द्वारा साफ-सफाई सामग्री लेकर विद्यालय को स्वच्छ बनाने सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को हेड वाश के सही तरीके के बारे में बताया गया, साथ ही स्वच्छता विद्यालय तक सीमित नहीं रखना है बल्कि अपने आसपास गली, मोहल्ले, जन-जन तक पहुंचाना है। स्वच्छता सिर्फ आदत ही नहीं जीवन की शैली है। कार्यक्रम में सुष्मिता सालोमन, डॉ. विनोद पांडेय, उषा किरण सिंह, जरीना परवीन, संगीता तिवारी, अबुल कमर, समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## कटकोना में बांटी गई जरुरत की सामग्रियां

पटना। श्रद्धा महिला मंडल के बैनर तले सौम्य महिला मंडल के द्वारा कटकोना में सामाजिक कल्याण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शामिल ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को समिति की ओर से स्वच्छ पानी के सुरक्षित भंडारण के लिए स्टील की टंकियां, चावल, नाश्ते के पैकेट एवं पेयजल का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीण महिलाओं को संबोधित करते हुए समिति अध्यक्ष श्रीमती पूनम झा ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छता एवं पोषण आहार लेना जरूरी है। स्वच्छता, पोषण एवं सामुदायिक सहयोग से ही समाज का सशक्त निर्माण हो सकता है। इसी को ध्यान में रखकर समिति की ओर से आप सभी को प्रदान किया गया है आप सभी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति हमेशा जागरूक रहें। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से समिति के पदाधिकारी व सदस्य श्रीमती सोमवती मिश्रा, अमिता राम, आलका चौबे, रीना विश्वकर्मा, संगीता सिंह, रेनू गुप्ता, पुष्पा सिंह एवं मंजू सिंह शामिल रही।




## पृष्ठ 1 का शेष

### 25 की एवज...

स्व. डॉ.रामचंद्र सिंहदेव कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंसाधन केन्द्र कोरिया के डीन डॉ. दिनेश गुप्ता ने बताया कि भूमि उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहले गाइडलाइन के अनुसार कॉलेज के लिए 70 एकड़ भूमि अनिवार्य थी, जिसे संशोधित कर अब 25 एकड़ कर दिया गया है। वर्तमान में हमारे पास 15 एकड़ भूमि दर्ज है, जबकि 10 एकड़ भूमि और अधिपत्य में है, जो अभी हस्तांतरित नहीं हो सकी है, इसके लिए उच्चाधिकारियों से लगातार संपर्क किया जा रहा है। स्थायी जमीन के अभाव में वर्षों से इंतजार कर रहा कोरिया जिला कृषि महाविद्यालय कब अपनी पूरी जमीन पर खड़ा होगा, यह सवाल अब भी बरकरार है।

### देवगढ़ वन परिक्षेत्र में पौधरोपण



सोनहत। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत वन परिक्षेत्र देवगढ़ के परिक्षेत्राधिकारी एवं विभागीय कर्मचारियों द्वारा 17 एवं 18 सितंबर को विभिन्न कंपार्टमेंट में सघन पौधरोपण किया गया। वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामजन के सहयोग से विभिन्न प्रजाति के फलदार एवं औषधीय पौधे जैसे आम, नीम, कटहल, करंज, आंवला आदि का रोपण किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को अधिक से अधिक पौधरोपण करने तथा भविष्य की पीढ़ियों के लिए पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया।










